आईआईटी पटना और रॉइनेट सोल्यूशन के बीच हुआ एमओयू

चर्चा में क्यों?

27 अप्रैल, 2023 को आईआईटी पटना ने रिसर्च एंड डेवलपमेंट को लेकर रॉइनेट सोल्यूशन के साथ एमओयू साइन किया। इसके तहत आईआईटी, पटना जूम, वाट्सएप व गूगल पे जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म विकसित करेगा।

प्रमुख बिंदु

- रॉइनेट सोल्यूशन के प्रबंध निदेशक समीर माथुर और आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी.एन. सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।
- निदेशक प्रो. टी.एन. सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य अत्याधुनिक समाधान विकसित करना तथा शोध की दिशा में बेहतर काम करना है।
- रॉइनेट सोल्यूशन और आईआईटी पटना संयुक्त रूप से अगले तीन वर्षों में डिजिटल पेमेंट, धन प्रबंधन, सीमा पार भुगतान, सुरक्षित ऑडियो-वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रयोग के क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू करेंगे, जिनमें मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स आदि शामिल हैं।
- आईआईटी पटना पटना जूम, वाट्सएप व गूगल-पे जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म विकसित करेगा। इसका नाम फॉरेक्स प्लेटफॉर्म दिया जाएगा। इसमें आईआईटी, पटना एकेडमिक स्तर पर और रॉइनेट सोल्यूशन बाज़ार पर काम करेगी।
- रॉइनेट सोल्यूशन के निदेशक डॉ. लिम चोन-फंग ने कहा कि आईआईटी, पटना को हम सभी प्रकार से सहयोग करेंगे, एकेडमिक सहयोग आईआईटी का रहेगा। आईआईटी पटना अपने शोध और अकादमिक उत्कृष्टता के लिये जाना जाता है। यह साझेदारी हमें आईआईटी पटना की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी।
- विदित है कि आईआईटी पटना ने पिछले तीन दिनों में रेलटेल, एप्लाइड मैटेरियल्स इंडिया और रॉइनेट के साथ तीन अलग-अलग एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। जिन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए हैं, वे सब समाज को नये आविष्कार और विकास की ओर ले जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-iit-patna-and-roi-net-solution